आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 18.07.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- पोर्ट ब्लेयर के वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में नए एकीकृत टर्मिनल भवन के उद्घाटन की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आज से हृदय रोग से संबंधित निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।
- क्वालालम्पुर से पोर्ट ब्लेयर के बीच इस वर्ष नवम्बर माह से अंतर्राष्ट्रीय विमान संचालित होने की संभावना है।
- जी बी पंत अस्पताल में अस्पताल प्रशासन के कामकाज में व्यवधान उत्पन्न करने वाले लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दिया गया है।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आज से डीब्रेट में दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।
- नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप के लिए एकीकृत द्वीप प्रबंधन योजना का मसौदा तैयार करने के लिए आज जन–सुनवाई का कार्यक्रम रखा गया है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में नए एकीकृत टर्मिनल भवन के उद्घाटन की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आज से हवाई अड्डा परिसर में हृदय रोग से संबंधित निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह आज सुबह दस बजे रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष आज ही के दिन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस नए एकीकृत टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया था। इन एक वर्षों के दौरान भारतीय विमानन प्राधिकरण की ओर से कई कदम उठाए गए हैं और निवेश किया गया है, ताकि जमीनी और हवाई नेवीगेशन संरचनाओं को सुदृढ़ किया जा सके। चालीस हजार आठ सौ सैंतीस वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले नए एकीकृत भवन में भीड़–भाड़ के समय करीब बारह सौ यात्रियों को संभालने की क्षमता है और सालाना पचास लाख यात्री आ–जा सकेंगे। पिछले एक वर्ष के दौरान प्राधिकरण ने डॉप्लर वेरी हाई फिक्वेंसी ओमनी रेंज का विकास किया है। इससे हवाई नेवीगेशन को सक्षम बनाया गया है, जो इसकी विश्वसीनयता को और मजबूत करता है।

इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम के शुरू हो जाने से अब कम रोशनी और खराब मौसम की स्थिति में भी रात के समय में नागरिक विमान संचालन आसान हो गया है। उड़ान योजना के तहत शिबपुर और कार निकोबार में टर्मिनल भवनों का निर्माण पूरा हो गया है और जल्द ही इन द्वीपों के बीच उन्नीस सीटर फिक्स्ड विंग विमान संचालित होंगे।

अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा को शुरू करने की दिशा में भी प्रगति हुई है। उम्मीद की जाती है कि इस वर्ष नवम्बर में क्वालालम्पुर से पोर्ट ब्लेयर के लिए अंतर्राष्ट्रीय उड़ान संचालित हो सकती है। आज से बीस जुलाई तक चलने वाले स्वास्थ्य शिविर में हृदय रोग से संबंधित बीमारियों का इलाज किया जाएगा। दिए गए मेल पर मरीज इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन विवरण जमा कर सकते हैं। पहले साढ़े चार सौ पंजीकरण कराने वालों की ही जांच कराने की योजना बनाई गई है।

<><><><><><><>

जी बी पंत अस्पताल में अस्पताल प्रशासन के कामकाज में व्यवधान उत्पन्न करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए ऐसे लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दिया गया है। जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मरीजों, उनके सहायकों और अन्य कर्मचारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। अस्पताल में अब फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी या अन्य ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाई गई है। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमों के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आम जनता को मरीजों की देखभाल सेवा तथा अन्य दैनिक महत्वपूर्ण सूचनाओं को देने के लिए एक जन–संपर्क अधिकारी डॉ. जय बिश्वास को नियुक्त किया गया है और इनका मोबाइल नम्बर भी जारी किया गया है। इससे जी बी पंत अस्पताल परिसर और आस–पास के क्षेत्र में कामकाज के माहौल को बेहतर बनाया जा सकेगा।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि भारत की विश्व की फार्मेसी की प्रतिष्ठा के अनुरूप विश्व स्तरीय दवा नियामक ढांचा तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए दवा और चिकित्सा उपकरण उद्योग के बीच लगातार विचार–विमर्श होते रहना चाहिए।

श्री नड्डा ने कल दवाओं, सौंदर्य प्रसाधनों और चिकित्सा उपकरणों के विनियमन पर एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर दवाओं के उत्पादक और निर्यातक के तौर पर भारत अग्रणी है। उन्होंने केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन–सीडीएससीओ से वैश्विक मानकों के अनुरूप समयसीमा के साथ एक रोडमैप तैयार करने को कहा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आज से डीब्रेट में दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। प्रशासन के उच्च शिक्षा विभाग और दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित होने वाले इस कार्यशाला का आज दिन में दस बजे उद्घाटन होगा। दिल्ली विश्वविद्यालय से स्रोत अधिकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यशाला के माध्यम से उच्च शिक्षा के शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। द्वीपसमूह के विभिन्न भागों से करीब पचास संकाय सदस्यों के इसमे भाग लेने की संभावना है। डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन होगा।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग के राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण की ओर से दो दिवसीय राज्य स्तरीय उल्लास मेले का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम आज दिन में साढ़े ग्यारह बजे गर्ल्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के सभागार में आरंभ होगा।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप के लिए एकीकृत द्वीप प्रबंधन योजना का मसौदा तैयार करने के लिए आज जन–सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सुनवाई का यह कार्यक्रम आज दिन में साढ़े दस बजे टैगोर कॉलेज के सभागार में होगा।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद की ओर से हाल ही में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप में ''सफाई अपनाओ, बीमारी भागाओ'' पहल के तहत विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में नगरपालिका परिषद के कर्मी और सफाई मित्रों ने भाग लिया। अभियान के दौरान समुद्री तट से प्लास्टिक और अन्य अपशिष्टों को हटाया गया। परिषद की ओर से इस द्वीप में गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने सहित एक बहुआयामी रणनीति अपनाए जाने पर भी निर्णय लिया गया।

<><><><><><><>

कांग्रेस नेता तमिल सेल्वम ने साउथ प्वाइंट निवासी विजय लक्ष्मी के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका कल निधन हो गया। वे चौसठ वर्ष की थीं। शवयात्रा आज दिन में ग्यारह बजे इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

तकनीकी कारणों के चलते जलयान सिंधु की आज की पोर्ट ब्लेयर से लिटिल अण्डमान की यात्रा को रद्द कर दिया गया है। यात्री अपने टिकट रदद करवाकर पैसे वापस ले सकते हैं।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के लिए अतिथि प्रवक्ताओं की नियुक्ति की जाएगी। हिन्दी, तमिल, तेलुगू, बांग्ला, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र जैसे कई विषयों के लिए चुने जाने वाले अतिथि प्रवक्ताओं को प्रति लेक्चर पन्द्रह सौ रूपये दिए जाएंगे, जिसकी अधिकतम सीमा पचास हजार रूपये तक होगी। निर्धारित योग्यताधारक उम्मीदवार दस्तोवज पांच अगस्त तक कॉलेज के प्राचार्य के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

राज्य आयुष सोसाइटी में जीडीएमओ आयुर्वेद होमियो तथा सीएचओ होमियो और वित्त परामर्श के पद के लिए साक्षात्कार अब इक्कतीस जुलाई को दिन में दस बजे से स्वास्थ्य आयुक्त के कक्ष में लिया जाएगा। अन्य पदों के साक्षात्कार के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

<><><><><><><>